# यूपी में निवेश की संभावना ढूंढने आया 22 देशों का दल



लखनऊ दौरे पर शनिवार को आया 22 देशों से 45 सदस्यीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल।

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावना टटोलने के लिए 22 देशों के 45 सदस्यीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ दौरे पर है। इसमें मध्य और दक्षिण अमेरिका के साथ कैरेबियन के प्रतिनिधि हैं। यह महत्वपूर्ण राजनयिक आदान-प्रदान इंवेस्ट यूपी द्वारा आयोजित किया गया है। प्रतिनिधिमंडल रविवार तक रहेगा। इसका उद्देश्य राज्य की मजबूत औद्योगिक वृद्धि, निवेश की संभावनाओं और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करना है।

प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को आईआईएम लखनऊ का दौरा किया। उन्होंने अकादमिक नेताओं और उद्योग विशेषज्ञों के साथ संभावित साझेदारियों पर चर्चा की। उन्होंने विभिन्न पाठ्यक्रमों और शैक्षणिक कार्यक्रमों, छात्र विनिमय पहलों और एआई पाठ्यक्रमों के एकीकरण के बारे में जानकारी ली। इसके बाद, प्रतिनिधियों ने एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विवि का दौरा किया। विभिन्न निवेश के अवसरों पर चर्चा की।